भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-71**
उत्तर देने की तारीख-01/12/2025

## तेलंगाना को शिक्षा के लिए निधि

†71. **श्री माधवनेनी रघुनंदन राव:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) तेलंगाना में पीएम श्री योजना सहित केजी कक्षा से स्नातकोत्तर (पीजी) कक्षा तक शिक्षा प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा आवंटित की गई और जारी की गई निधि का जिलावार ब्यौरा क्या है; और
(ख) इस संबंध में सरकार ने और कौन-सी अन्य पहलें की हैं?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जयन्त चौधरी)**

(क) और (ख) तेलंगाना सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार, समग्र शिक्षा और पीएम श्री के अंतर्गत जिला-वार आबंटित और जारी की गई निधियों का ब्यौरा क्रमश **अनुलग्नक-I** और **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

भारत सरकार वर्ष 2018-19 से केंद्र प्रायोजित योजना 'समग्र शिक्षा' लागू कर रही है। समग्र शिक्षा में स्कूली शिक्षा को प्री-स्कूल से लेकर वरिष्ठ माध्यमिक स्तर तक एक निरंतरता के रूप में परिकल्पित किया गया है और इसका उद्देश्य सभी स्तरों पर समावेशी और समान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना है। स्कूल अवसंरचना में सुधार करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को एकमुश्त वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। पीएम श्री योजना के तहत, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न घटकों के कार्यान्वयन को प्रदर्शित करने के लिए स्कूलों को अनुकरणीय स्कूलों के रूप में विकसित किया गया है और पड़ोस के अन्य स्कूलों को बेंचमार्क/नेतृत्व भी प्रदान किया गया है।

इसके अलावा, भारत सरकार "केन्द्रीय विश्वविद्यालयों को अनुदान" के अंतर्गत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को ब्लॉक अनुदान जारी करती है जो बदले में अलग-अलग केन्द्रीय विश्वविद्यालयों (सीयू) को उनकी आवश्यकताओं, पिछले वर्षों में धन राशि की उपयोगिता आदि के

आधार पर निधियां आबंटित करती है। यूजीसी द्वारा वर्ष 2024-25 के दौरान हैदराबाद विश्वविद्यालय (यूओएच), मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय (एमएएनयूयू), अंग्रेजी और विदेशी भाषा विश्वविद्यालय (ईएफएलयू) और सम्मक्का सरक्का केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय (एसएससीटीयू) को आवंटित और जारी की गई धनराशि का विवरण नीचे दिया गया है: -

***(करोड़ रुपये में)***

| विश्वविद्यालय का नाम | आवंटित निधि (2024-25) | जारी की गई निधि (2024-25) |
|---|---|---|
| यूओएच | 378.18 | 378.18 |
| एमएएनयूयू | 232.39 | 232.39 |
| ईएफ़एलयू | 127 | 127 |
| एसएससीटीयू | 3.72 | 3.72 |

तेलंगाना राज्य सरकार द्वारा निम्नलिखित कार्यक्रम/योजनाएं कार्यान्वित की जाती हैं: -

i. राज्य सरकार ने कक्षाओं और डिजिटल बुनियादी ढांचे के निर्बाध कामकाज को सुनिश्चित करने और उनके वित्तीय बोझ को कम करने के लिए सभी सरकारी स्कूलों में मुफ्त बिजली लागू की है।

ii. अम्मा आदर्श पाठशाला समितियों (एएपीसी) ने जून 2024 से स्कूल संचालन में सामुदायिक स्वामित्व और पारदर्शिता को मजबूत किया है। एएपीसी ने 642.10 करोड़ रुपये की लागत से 58,632 बुनियादी ढांचे के रखरखाव के काम पूरे कर लिए हैं। इसके अलावा, जून 2024 से स्कूल सुविधा रखरखाव भी एएपीसी को सौंपा गया है, जिसमें स्वच्छता, कक्षा रखरखाव और स्कूल के रख रखाव को शामिल किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप अभिभावक-स्कूल जुड़ाव में सुधार हुआ है और जवाबदेही सुदृढ़ हुई है।

*****

**अनुलग्नक-I**

**"तेलंगाना को शिक्षा के लिए निधि" के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री माधवनेनी रघुनंदन राव द्वारा दिनांक 01 दिसंबर, 2025 को पूछे गए लोक सभा प्रश्न के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।**

**समग्र शिक्षा के अंतर्गत निधि आवंटन/जारी की गई निधि का जिला-वार ब्यौरा (तेलंगाना सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार)**

**(रु. लाखों में)**

| क्र. सं. | जिले का नाम | 2024-25 | |
|---|---|---|---|
| | | निधि आवंटन | जारी की गई निधि |
| 1 | आदिलाबाद | 5007.399 | 4564.868 |
| 2 | भद्राद्री कोठागुडेम | 5140.572 | 4604.58 |
| 3 | हनुमाकोंडा | 3509.209 | 3175.912 |
| 4 | हैदराबाद | 3804.196 | 3556.544 |
| 5 | जगटियाल | 4862.843 | 4513.887 |
| 6 | जंगाओं | 3201.257 | 2958.535 |
| 7 | जयशंकर | 2674.199 | 2428.935 |
| 8 | जोगुलाम्बा गडवाल | 3475.254 | 3207.492 |
| 9 | कामारेड्डी | 5651.72 | 5227.575 |
| 10 | करीमनगर | 4538.603 | 4122.131 |
| 11 | खम्मम | 5010.984 | 4700.748 |
| 12 | कुमुराम भीम आसिफाबाद | 4305.212 | 3890.899 |
| 13 | महबूबाबाद | 4505.329 | 4140.071 |
| 14 | महबूबनगर | 5396.913 | 5019.326 |
| 15 | मंचेरियल | 4451.397 | 4104.783 |
| 16 | मेडक | 5121.52 | 4816.774 |
| 17 | मेडचल | 2412.943 | 2281.243 |
| 18 | मुलुगु | 2783.875 | 2478.937 |
| 19 | नगरकुरनूल | 5225.896 | 4774.534 |
| 20 | नलगोंडा | 8114.191 | 7412.51 |
| 21 | नारायणपेट | 3357.759 | 3093.106 |
| 22 | निर्मल | 4086.651 | 3808.056 |
| 23 | निजामाबाद | 7344.931 | 6905.728 |
| 24 | पेड्डापल्ली | 3401.585 | 3114.844 |
| 25 | राजन्ना सिरिसिला | 3591.111 | 3294.849 |
| 26 | रंगारेड्डी | 7342.285 | 6783.414 |
| 27 | संगारेड्डी | 8261.739 | 7744.151 |
| 28 | सिद्दीपेट | 5960.407 | 5583.779 |
| 29 | सूर्यापेट | 4959.009 | 4583.507 |
| 30 | विकाराबाद | 5547.48 | 5142.315 |
| 31 | वानापार्थी | 3658.553 | 3354.659 |
| 32 | वारंगल | 3484.994 | 3125.329 |
| 33 | यादाद्री भुवनगिरी | 3906.481 | 3635.615 |

**अनुलग्नक-II**

**"तेलंगाना को शिक्षा के लिए निधि" के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री माधवनेनी रघुनंदन राव द्वारा दिनांक 01 दिसंबर, 2025 को पूछे गए लोक सभा प्रश्न के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।**

**पीएम श्री के तहत निधि आवंटन/जारी की गई निधि का जिला-वार ब्यौरा (तेलंगाना सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार)**

**(रु. लाख में)**

| क्र. सं. | जिले का नाम | 2024-25 | |
|---|---|---|---|
| | | निधि आवंटन | जारी की गई निधि |
| 1 | आदिलाबाद | 1133.64158 | 445.621 |
| 2 | भद्राद्री कोठागुडेम | 818.28692 | 270.2965 |
| 3 | हनुमाकोंडा | 755.1543 | 277.6375 |
| 4 | हैदराबाद | 192.41384 | 69.673 |
| 5 | जगटियाल | 716.50398 | 226.8105 |
| 6 | जंगाओं | 556.42156 | 193.568 |
| 7 | जयशंकर | 299.83304 | 81.7515 |
| 8 | जोगुलाम्बा गडवाल | 1341.7735 | 522.68 |
| 9 | कामारेड्डी | 1061.1921 | 364.572 |
| 10 | करीमनगर | 1003.34034 | 363.474 |
| 11 | खम्मम | 1065.8672 | 383.0285 |
| 12 | कुमुराम भीम आसिफाबाद | 761.02386 | 288.1905 |
| 13 | महबूबाबाद | 867.61466 | 271.931 |
| 14 | महबूबनगर | 1255.06472 | 458.742 |
| 15 | मंचेरियल | 961.8737 | 322.9635 |
| 16 | मेडक | 1676.7 | 625.823 |
| 17 | मेडचल | 1359.6707 | 501.806 |
| 18 | मुलुगु | 455.16738 | 172.3415 |
| 19 | नगरकुरनूल | 1307.31016 | 472.5085 |
| 20 | नलगोंडा | 1925.46814 | 689.7015 |
| 21 | नारायणपेट | 1082.12278 | 394.949 |
| 22 | निर्मल | 657.45358 | 206.916 |
| 23 | निजामाबाद | 1733.7938 | 598.588 |
| 24 | पेड्डापल्ली | 545.39374 | 167.762 |
| 25 | राजन्ना सिरिसिला | 613.66248 | 189.304 |
| 26 | रंगारेड्डी | 2032.62552 | 734.8985 |
| 27 | संगारेड्डी | 2371.77812 | 902.7085 |
| 28 | सिद्दीपेट | 1223.92784 | 410.339 |
| 29 | सूर्यापेट | 1188.35382 | 387.957 |
| 30 | विकाराबाद | 1307.39242 | 455.6115 |
| 31 | वानापार्थी | 1137.87174 | 406.3415 |
| 32 | वारंगल | 708.68726 | 243.91 |
| 33 | यादाद्री भुवनगिरी | 1043.24192 | 295.1345 |

*****